# नाबालिग के अपहरण मामले में सात जने गिरफ्तार

## सात आरोपियों को कोर्ट में किया पेश, तीन आरोपियों को जेल भेजा

**चिड़ावा,** (निसं)। श्योपुरा में मारपीट और नाबालिग के अपहरण के मामले में पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस डीएसपी शिवरतन गोदारा ने बताया कि वारदात को अंजाम देने वाले तीन अभियुक्त सुनील यादव, राजेंद्र विश्नोई, सुनील विश्नोई और सहयोग करने वाले अभियुक्त बीरबल राम विश्नोई, दीपक, अनीश और राकेश मीना को गिरफ्तार किया गया है। सभी आरोपियों को सीआई इंद्रप्रकाश यादव के नेतृत्व में चिड़ावा कोर्ट में पेश किया गया। जहां से तीन आरोपियों को जेल भेजा गया और चार आरोपियों को पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। डीएसपी ने बताया कि नाबालिग और दो अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही नाबालिग को भी दस्तयाब कर लाया जाएगा। गिरफ्तार आरोपियों से कड़ी पूछताछ की जा रही है। वहीं धरना स्थल पर धरने को लेकर बैठक होगी और आगे की रणनीति तय की गई। इस दौरान निर्णय लिया गया कि नाबालिग का सुराग ना लगने पर 30 जून को बड़ी आम सभा की जाएगी।



सभी आरोपियों को सीआई इंद्रप्रकाश यादव के नेतृत्व में चिड़ावा कोर्ट में पेश किया।

**स्कूली छात्राओं ने निकाली मौन रैली :-** श्योपुरा में मारपीट के बाद नाबालिग के अपहरण के मामले में विरोध जताए हुए विभिन्न स्कूलों की छात्राओं ने आज सामूहिक मौन रैली निकाली।

डालमिया खेल मैदान से ये मौन रैली शुरू हुई और कबूतरखाना, पुरानी तहसील रोड, विवेकानंद चौक, तिरंगा स्थल, कल्याण राय मंदिर, मुख्य बाजार से होते हुए वापस विवेकानंद चौक से साहित्यकार डॉक्टर ओमप्रकाश मार्ग, कोर्ट रोड होते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंची। यहां पर एसडीएम को ज्ञापन देकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई। इस दौरान लोहिया स्कूल निदेशक रामसिंह नेहरा, सेंट विवेकानंद स्कूल निदेशक अनिल गुप्ता, वीर सावरकर स्कूल निदेशक रणवीर थालोर, एमडी स्कूल चेयरमैन सुनील डांगी, पीसीपी स्कूल निदेशक विक्रम जांगिड़ सहित विभिन्न स्कूलों के संचालक और छात्राएं मौजूद रही।

# बदमाशों की करतूत से बिजली के करंट से झुलसा मासूम

## 13 दिन से जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहा है

- बदमाशों ने मछली पकड़ने के लिए एनीकट में करंट छोड़ा था
- काछोला थाना पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार तक नहीं किया है

**माण्डलगढ़,** (निस)। काछोला थाना क्षेत्र में बदमाशों द्वारा मछली पकड़ने के लिए एनीकट के पानी में डाले गए करंट के तारों की चपेट में आने से 9 साल का मासूम गम्भीर रूप से झुलस गया। घायल बालक का उपचार पिछले 13 दिनों से उदयपुर एमबी हॉस्पिटल में चल रहा है। जहां मासूम जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहा है। इस संबंध में मासूम की मां ने काछोला थाने में आरोपियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। लेकिन पुलिस ने अभी तक कार्रवाई नहीं की और न ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जिससे आरोपियों के हौसले बुलंद होने से पीड़ित मासूम के परिजनों को धमकाया जा रहा है। ऐसे में पीड़ित मासूम की मां ने मांडलगढ़ सीओ कीर्ति सिंह के सामने पेश होकर कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार काछोला थाना क्षेत्र के भारजी का खेड़ा ( शक्ताजी का खेड़ा) निवासी रामपाली देवी पत्नी छोटू दरोगा का 9 साल का बेटा करण कुमार 14 जून को खेत पर गया हुआ था। पीड़िता के खेत के पास एक एनिकट के पानी मे मछलियां बहुतायत में है। उसी दिन इस एनिकट से मछली पकड़न के लिए श्यामपुरा गांव में ही रहने वाले कल्ला बलाई व शक्ता जी का खेड़ा के चंद्रा बलाई, गोपाल बलाई और उसके साथियों ने एनीकट के पानी मे मछलियों को मारने के लिए बिजली करंट के तार लगा रखे थे। पीड़िता के बेटे को यह पता नहीं था। इसके चलते वह करंट की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से झुलस कर घायल हो गया। आरोपियों ने घटना के बाद उसके घायल बेटे को शराब पिलाकर एनीकट से दूर ले जा कर अन्य जगह लेटा कर आरोपी फरार हो गए। इस घटना की सूचना पीड़िता के पड़ोस में रहने वाले परिवार को दी। उसके बाद पीड़िता अपने बेटे करण को पहले भीलवाड़ा के महात्मा गांधी हॉस्पिटल लेकर आई। वहां से उसकी हालत गम्भीर होने से उदयपुर रेफर कर दिया। अभी भी करण की हालत गंभीर बताई जा रही है।

पीड़िता रामपाली देवी ने सीओ कीर्ति सिंह मांडलगढ़ को सौंपी शिकायत में बताया कि उसने 17 जून को काछोला थाने में आरोपियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज करवाई थी, लेकिन अभी तक पुलिस ने उन पर कोई कार्रवाई नहीं की। ऐसे में आरोपी मामले में समझौता करने के दबाव बना रहे हैं। समझौता नहीं करने पर जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं। पीड़ित रामपाली देवी ने बताया कि पुलिस आरोपियों से सांठगांठ कर मामले को कमजोर करने का प्रयास कर रही हैं। दिलीप सिंह, थाना प्रभारी काछोला का कहना है कि मामले में 17 जून को पीड़िता ने बेटे के करंट आने व उसे शराब पिलाने का मामला दर्ज करवाया था। पुलिस इस मामले में जांच कर रही है। जल्दी जांच पूरी होने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

# हत्या के दोषियों की गिरफ्तारी की मांग

**भीलवाड़ा,** (निसं)। चित्तौड़गढ़ रोड़ पर शुक्रवार को हुवे मर्डर में मुल्जिमों की गिरफ्तारी कराने की मांग को लेकर आज मुस्लिम समाज के प्रतिनिधि मंडल ने जिला पुलिस अधीक्षक आदर्श सिद्धू को ज्ञापन दिया। मुस्लिम समाज के प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि शुक्रवार रात में उत्तर प्रदेश निवासी शाकिर की चाकुओं से हमला करके हत्या कर दी थी। आज 4 दिन हो चुके हैं पुलिस ने खुलासा नहीं किया। उक्त मामले बहुत गंभीर मामला है,संबंधित मामले की जांच स्वयं की निगरानी में एक उच्च अधिकारियों को देकर टीम गठित कर जांच कराए। मुस्लिम समाज दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग करता है। ज्ञापन देने वालो में पार्षद उस्मान पठान, वक़्फ़ बार्ड जिलाध्यक्ष हमीद रंगरेज, सद्भाव कमेटी के अध्यक्ष शरीफ पठान, पार्षद इरशाद मेव, ताहिर पठान, मोहसिन मंसूरी, साबिर शेख, बंटू पठान, बाबू अंसारी आदि मौजूद थे।

# मांगों को लेकर छात्रों का प्रदर्शन

- स्थाई व्याख्याता की नियुक्ति, एडमिशन पोर्टल शुरू करने सहित अन्य मांगें पूरी करने की मांग की
- छात्र नेताओं ने कुलपति को सौंपा ज्ञापन, मांगें नहीं माने जाने पर दी आंदोलन की चेतावनी

**अजमेर,** (कासं)। महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय में मंगलवार को छात्र नेता के नेतृत्व में 6 सूत्रीय मांगों जोरदार प्रदर्शन किया और कुलपति को ज्ञापन सौंपकर विश्वविद्यालय में स्थाई व्याख्याता की नियुक्ति, एडमिशन पोर्टल शुरू करने सहित अन्य मांगें पूरी करने की मांग की। मांगे पूरी नहीं होने पर छात्र नेताओं और छात्रों ने आंदोलन की चेतावनी दी। प्रदर्शन को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल जाब्ता तैनात रहा।

महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय पर मंगलवार को छात्र नेता रूद्र प्रताप सिंह पीपरोली के नेतृत्व में स्टूडेंट्स एमडीएस यूनिवर्सिटी पहुंचे और गेट बंद कर अपना विरोध जाहिर किया। विरोध प्रदर्शन के बाद कुलपति प्रोफेसर अनिल शुक्ला के नाम 6 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के जरिए सभी मांगों को जल्द पूरा करने की मांग रखी है। छात्र नेता रुद्र प्रताप सिंह पिपरौली ने बताया कि यूनिवर्सिटी में लंबे समय से स्टूडेंट्स विभिन्न समस्याओं को लेकर परेशान हो रहे हैं। कई बार यूनिवर्सिटी को इसकी शिकायत भी दी गई। लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई, जिसको लेकर मंगलवार को छात्रों के साथ प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया गया है।

छात्र नेता सिंह ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से यूनिवर्सिटी में स्थाई व्याख्याता की नियुक्ति करने, लाइब्रेरी को पुनः शुरू करने, एडमिशन पोर्टल शुरू किया जाए जिससे छात्र-छात्राओं को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। छात्राओं के लिए कॉमन रूम की व्यवस्था करने, प्रथम वर्ष एवं वित्तीय वर्ष बीएड छात्र-छात्राओं को किसी कारण वर्ष परीक्षा से वंचित को पुनः परीक्षा लेने की मांग प्रमुख है।

# हादसे में पार्षद, महिला सहित पांच घायल

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के जहाजपुर थाना क्षेत्र में देवली रोड़ गोल्डन माइंस के पास बेकाबू आयसर ट्रक ने रोड़ के किनारे खड़े एक महिला सहित पांच जनों को चपेट में ले लिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए जिनको देवली चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। एएसआई भागचंद वैष्णव ने बताया कि भारी बारिश के चलते बाइक सवार जहाजपुर निवासी भाजपा पार्षद कालू राम खटीक, लादू राम खटीक, अंतरिक्ष पंचोली एवं कुराड़िया निवासी मनभर देवी, मुकेश रेगर गणेश रोड़ देवली रोड़ के किनारे पर रूके हुए थे जिनको तेज रफ़्तार से आ रही आईसर ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को देवली राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। चपेट में आने से तीनों मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हुई है दुर्घटना आईसर ट्रक को पुलिस ने पकड़ कर थाने में खड़ा किया।

# बाइक को टक्कर मारने के बाद बस पलटी, एक की मौत

- हादसे में बस की एक दर्जन सवारियां घायल हो गई

**कोटा,** (निसं)। जिले के इटावा इलाके में बस के बाइक को टक्कर मारने के बाद पलटने का मामला सामने आया है। निजी बस की चपेट में एक बाइक सवार आ गया। जिसकी मौके पर ही मौत हो गई जबकि बस में सवार करीब एक दर्जन सवारी घायल हो गई। हालांकि अधिकांश को हल्की-फुल्की चोट आई है। जबकि करीब तीन से चार जने गंभीर घायल हुए हैं। जिन्हें नजदीकी अस्पताल उपचार के लिए ले जाया गया है।

जानकारी के अनुसार कोटा से श्योपुर जाने वाली एक बस यात्रियों से खचाखच भरी हुई थी। दूसरी तरफ बाइक पर सवार होकर दो जने इटावा से कोटा की तरफ आ रहे थे। इसी दौरान गणेशगंज गांव के नजदीक सामने से आ रही बाइक से बस की भिड़ंत हो गई। इस भिड़ंत के बाद बस अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे जाकर पलट गई। हादसा होते ही बस चालक और खलासी सवारियों को उनके हाल पर छोड़ कर मौके से फरार हो गए। डीएसपी श्योजीलाल मीणा ने बताया कि इस भिड़ंत में बाइक सवार मुगेना निवासी 50 वर्षीय रामकरण मीणा की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक चालक गणेशगंज निवासी 25 वर्षीय सुनील मीणा गंभीर रूप से घायल हो गया।


इसके अलावा बस में सवार करीब दो दर्जन लोग घायल हो गए। इनमें से दो से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया है। सूचना पर एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को नजदीकी इटावा अस्पताल ले जाया गया है साथ ही पुलिस भी मौके पर आई। पुलिस के मौके पर आने के बाद क्रेन की मदद से बस को सीधा कर ले जाने की कोशिश की लेकिन मुगेना गांव के लोगों ने इसका विरोध कर दिया साथ ही उन्होंने कहा कि पहले घायलों का इलाज करवाया जाए बाद में पुलिस भी यह कार्रवाई कर सकती है।

## मस्जिद के बाहर लगी टाइल्स गिरी

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के जहाजपुर थाना क्षेत्र में जामा मस्जिद के बाहर लगी टाइल्स में बरसाती पानी जाने से भर-भरा कर नीचे गिर गई जिससे मदरसे के दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक मदरसे के बच्चे सुबह सेम की फातिहा पढ़ने के लिए जामा मस्जिद गए थे फातिहा पढ़ने के बाद मस्जिद के बाहर खड़े थे। कल बारिश होने की वजह से दीवार में पानी चला गया था। इससे टाइल्स भरभरा कर नीचे गिर गई। दीवार के पास ही खड़े मदरसे के दो बच्चों को गहरी चोटें आई हैं। जिसमें परदेसी मोहल्ला निवासी आहिल 9 वर्ष पिता नवाब पठान, वसीम 12 वर्ष पिता सिकंदर पठान है।

# चार जेल प्रहरियों की बिगड़ी तबियत

**मालपुरा,** (निसं)। समान वेतन संशोधन की मांग को लेकर मालपुरा उपकारागृह में मैस का बहिष्कार कर भूखे पेट ड्यूटी कर रहे तथा धरने पर बैठे चार जेल प्रहरियों की तबियत बिगड़ने पर मालपुरा अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया गया। उप कारागृह प्रभारी ने बताया कि समान वेतन संशोधन की मांग को लेकर संगठन के आव्हान पर बीते सात दिनों से उपकारागृह के 14 जेल प्रहरी भूखे पेट ड्यूटी दे रहे हैं तथा कारागृह के सामने टेन्ट लगा धरने पर बैठे हैं।



जेल प्रहरी की तबियत बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती कराया।

मंगलवार को जेल प्रहरी हैड कांस्टेबल मनोज कुमार स्वामी, कांस्टेबल किशन लाल सैनी, राजेन्द्र प्रसाद, बोदूराम चौधरी की तबियत बिगड़ने पर मालपुरा अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया गया।

# भैंस टकराने से ट्रेन के इंजन का प्रेशर पाइप फटा

- सूर्यनगरी साढ़े 3 घंटे हुई लेट

**पाली,** (नि.सं.)। पाली रेलवे स्टेशन से करीब एक किलोमीटर पहले भटवाड़ा के पास सूर्यनगरी ट्रेन से भैंस टकरा गई। टक्कर के बाद इंजन के अगले हिस्से में फंस गई,जिससे प्रेशर पाइप फटने से इंजन जाम हो गया। जोधपुर से दूसरा इंजन मंगवाकर ट्रेन को पीछे मूव कर भैंस को निकालकर ट्रेक से हटवाया गया। हादसे के चलते सूर्यनगरी ट्रेन अपने निर्धारित समय से 3 घंटे 31 मिनट और बीकानेर-ब्रांदा 3 घंटे 21 मिनट लेट हो गई। एक मालगाड़ी पाली रेलवे स्टेशन पर खड़ी रही।

दरअसल, जोधपुर से चलकर मुम्बई जाने वाली सूर्यनगरी एक्सप्रेस (12479) सोमवार शाम को जोधपुर से अपने निर्धारित समय 7 बजकर 30 मिनट पर रवाना हुई। पाली भटवाड़ा के पास जैसे ही ट्रेन रात 8 बजकर 22 मिनट पर पहुंची। रेलवे स्टेशन नजदीक होने के कारण ट्रेन की स्पीड धीमी थी। इस दौरान एक गर्भवती भैंस ट्रेन के इंजन से टकरा कर नीचे फंस गई। हादसे में इंजन का प्रेशर पाइप फट गया और ट्रेक ब्लॉक हो गया। रात 11 बजकर 28 मिनट जोधपुर से दूसरा इंजन मौके पर पहुंचा। उसे ट्रेन के पिछले हिस्से में जोड़कर ट्रेन को पीछे की तरफ मूव किया और इंजन में फंसी भैंस को बाहर निकालकर ट्रेन से हटाया। ट्रेन को पाली रेलवे प्लेटफॉर्म पर लेकर गए। इंजन में हुई खराबी को दुरुस्त कर रात 12 बजकर 01 मिनट पर सूर्यनगरी ट्रेन को रवाना किया गया।

## बनास नदी में नवजात का तैरता हुआ भ्रूण मिला

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के हनुमान नगर थाना क्षेत्र के धुवाला गांव के पास से गुजर रही बनास नदी में एक नवजात बच्ची का पानी में तैरता हुआ भ्रूण मिलने से गांव में सनसनी फैल गई।

ग्रामीणों की सूचना पर हनुमान नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और नवजात बच्ची के शव को कब्जे में कर देवली हॉस्पिटल की मोर्चरी में पोस्टमार्टम करा कर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। हनुमान नगर थाना अधिकारी स्वागत पांड्या ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र के धुवाला गांव में आज सुबह एक महिला शौच के लिए गई। इस दौरान महिला को बनास नदी में पानी में तैरता हुआ बच्ची का भ्रूण दिखाई दिया। इस पर महिला ने पानी में तैरते हुए भ्रूण को लकड़ी की सहायता से बाहर निकाला और ग्रामीणों को सूचना दी जिस पर सैकड़ों ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए और पुलिस को सूचना दी सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों ने पुलिस को नवजात बच्ची के भ्रूण को सुपुर्द किया। पुलिस ने नवजात बच्ची के भ्रूण का पोस्टमार्टम करा मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। वही ग्रामीणों का कहना है कि नवजात बच्ची के मिले भ्रूण की नाल पर एक प्लास्टिक का कोड क्लैप भी लगा था।

## युवती को नशीला पदार्थ खिला दुष्कर्म

**हनुमानगढ़,** (निसं)। हनुमानगढ़ के एक गांव के पास एक युवती को नशीला पदार्थ खिलाकर जबरन दुष्कर्म के मामले में महिला थाना पुलिस ने एक दंपती सहित 8 जनों के खिलाफ केस दर्ज किया। घटना 17 अप्रैल की बताई जा रही है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि सुनील पुत्र बीरबल राम, उसकी पत्नी सरोज, नत्थूराम पुत्र लेखराम, एक गाड़ी चालक व तीन-चार अन्यों ने उसे नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म किया गया। मामले की जांच महिला थानाप्रभारी मोनिका बिश्नोई को सौंपी गई है।

## कबर बिज्जू दिखने से दहशत

**कोटपूतली,** (निसं)। कस्बे के नगर परिषद पार्क के पास स्थित खोखा मार्केट (संत रविदास मार्केट) में मंगलवार सुबह कबर बिज्जू दिखने से दहशत फैल गई। इस मार्केट में पिछले कई दिनों से कबर बिज्जू दिखाई दे रहा है। लेकिन मंगलवार को प्रातः अनिल कुमार आर्य ने अपनी दुकान खोली तो अचानक एक विचित्र जानवर जिसका नाम कबर बिज्जू बताया गया वह उसकी दुकान में घुस गया, जिससे मार्केट में दहशत फैल गयी।

व्यापारियों ने इसकी सूचना स्थानीय वार्ड पार्षद मीनू बंसल को दी। जिस पर पार्षद ने मौके पर पहुंचकर वन विभाग के रेंजर सीताराम यादव को फोन पर सूचना दी तो उन्होंने टीम को भेजने की बात कही। लेकिन टीम दो घण्टे तक इंतजार करने के बाद भी नहीं पहुंची। जिस पर पार्षद ने पुनः फोन किया, जिसके बाद काफी इंतजार करने पर शाम करीब 4.45 बजे वन विभाग से राजेन्द्र, हनुमान व प्रेम ने मौके पर पहुंचे, लेकिन कबर बिज्जू टीम के आने से पहले ही वहां से निकल गया। हालांकि टीम के सदस्यों को कबर बिज्जू के पंजों के निशान तो मिले, लेकिन कबर बिज्जू को पकडने में सफलता नहीं मिल पाई।

पार्षद मीनू बंसल ने वन विभाग के अधिकारियों से शीघ्र ही कबर बिज्जू को पकडने की मांग की है जिससे की किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

# दो बाइक की भिड़ंत में एक जिंदा जला, दो गंभीर घायल

- एक गंभीर घायल को जयपुर रैफर किया और दूसरे युवक का अस्पताल में इलाज जारी है
- शव का पोस्टमार्टम करा पुलिस ने सौंपा परिजनों को

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। गंगापुर-हिंडौन सड़क मार्ग स्थित रेलवे ओवर ब्रिज पर सोमवार रात 2 बाइक की टक्कर के बाद दोनों बाइक में आग लगने से बाइक सवार एक युवक जिंदा जल गया, जबकि 2 युवक गंभीर रूप से झुलस गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों को गंगापुर अस्पताल पहुंचाया, जहां मृतक के शव को मोर्चरी में रखवाया, जबकि एक युवक की गंभीर हालत होने पर उसे डॉक्टरों ने जयपुर रेफर कर दिया और दूसरे युवक का अस्पताल में इलाज जारी है। पुलिस ने मंगलवार सुबह शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

करौली जिले के कुडगांव थाना इलाके के भडक्या गांव निवासी लोकेश मीणा (22) पुत्र हरिमोहन मीणा गंगापुर से बाइक से अपने गांव खाना लेने के लिए जा रहा था। दूसरी बाइक से खुशीराम (23) पुत्र रेवती रमण मीणा निवासी आलूदा नादौती और मोनू मीणा (24) पुत्र परसराम मीणा निवासी बडदाला नादौती बाइक से वजीरपुर की ओर से गंगापुर आ रहे थे। इसी दौरान रात करीब सवा 8 बजे गंगापुर-हिंडौन सड़क मार्ग पर हिंडौन रेलवे ओवरब्रिज पर दोनों बाइकों की टक्कर हो गई और दोनों बाइक में आग लग गई। हादसे में लोकेश जिंदा जल गया, जबकि मोनू और खुशीराम गंभीर रूप से झुलस गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। साथ ही घटना के बाद जाम लग गया।

लोगों ने पुलिस, एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना पर कोतवाली थाना अधिकारी करण सिंह राठौर, उदेई मोड़ थाना अधिकारी भरत सिंह और पुलिस उपाधीक्षक बाबूलाल बिश्नोई मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड की गाड़ी की मदद से आग पर काबू पाया। पुलिस ने तीनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने लोकेश को मृत घोषित कर दिया। मोनू की हालत गंभीर होने पर उसे जयपुर रेफर कर दिया है। तीसरे घायल खुशीराम को सालोदा स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मंगलवार सुबह परिजनों के आने के बाद मृतक लोकेश मीणा का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

# हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधिपति ऑगिस्टिन जार्ज मसीह ने पुस्तक का विमोचन किया

## 'आर.एस.एल.एस.ए. (रालसा) एट ए ग्लांस' पुस्तक का विमोचन

- दो जनकल्याणकारी योजनाओं का शुभारंभ

**जोधपुर,** (कासं)। राजस्थान उच्च न्यायालय मुख्य पीठ में राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति तथा मुख्य संरक्षक रालसा ऑगिस्टिन जार्ज मसीह की अध्यक्षता व राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधिपति तथा कार्यकारी अध्यक्ष रालसा मनेंद्र मोहन श्रीवास्तव की वर्चुअल माध्यम से उपस्थिति में रालसा की उपलब्धियां एवं गतिविधियों को समाहित करते हुए तैयार की गयी पुस्तक 'आरएसएलएसए एट ए ग्लांस' का विमोचन एवं दो जनकल्याणकारी स्कीम विशेष योग्यजनों के हितार्थ उनके पहचान पत्र सुनिश्चित करने एवं विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं यथा कृत्रिम अंग एवं अन्य लाभ उपलब्ध कराने के लिए योजना व आदर्श विधिक सेवा केन्द्र योजना का लॉन्च कार्यक्रम राजस्थान उच्च न्यायालय परिसर में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में रालसा सदस्य सचिव प्रमिल कुमार माथुर ने न्यायाधिपतिगण तथा अन्य सभी प्रबुद्ध जनों का स्वागत किया। राजस्थान उच्च न्यायालय तथा कार्यकारी अध्यक्ष, रालसा न्यायाधिपति मनेंद्र मोहन श्रीवास्तव ने बताया कि आरएसएलएसए एट ए ग्लांस' पुस्तक का विमोचन, दिव्यांग व्यक्तियों को यू.डी.आई.डी. सर्टिफिकेट व अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए योजना तथा प्रत्येक संभाग में दूरस्थ तालुका विधिक सेवा समिति में आदर्श विधिक सेवा केन्द्र की योजना का शुभारंभ किया जा रहा है। विशेष योग्यजन के चिन्हीकरण की दिशा में प्रारंभ की गयी योजना से प्रत्येक विशेष योग्यजन को दिव्यांगता प्रमाण-पत्र अर्थात् यू.डी.आई.डी. प्राप्त हो सकेगी। और यू.डी. आई.डी. के अभाव में कोई व्यक्ति राज्य की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने से वंचित नहीं रहेगा। उन्होंने बताया कि रालसा द्वारा चिन्हित की गयी आदर्श तालुकाओं में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर आमजन को न केवल कानून के प्रति जागरूक किया जाएगा। बल्कि उन्हें सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए उनका लाभ दिलाया जाना भी सुनिश्चित किया जाएगा।

मुख्य न्यायाधिपति ऑगिस्टिन जार्ज मसीह ने अपने उद्बोधन में कहा कि रालसा एट ए ग्लांस पुस्तक रालसा की सराहनीय उपलब्धियों और वंचित वर्गों को कानूनी सहायता प्रदान करने के प्रति रालसा की अटूट प्रतिबद्धता की झलक पेश करती है। दिव्यांग आबादी के विकास पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि विशिष्ट योग्यजनों की पहचान करने और उन्हें यू.डी.आई.डी. प्रदान करने की योजना निश्चित रूप से एक प्रगतिशील कदम है, जिससे विशिष्ट योग्यजनों को समाज की मुख्यधारा में शामिल किया जाकर समान अधिकार व अवसर प्राप्त हो सकेंगे।

मुख्य न्यायाधिपति मसीह ने रालसा के द्वारा शुरू किए गए आदर्श विधिक सेवा केन्द्र योजना को आशा की किरण बताते हुए कहा कि इन केन्द्रों को जरूरतमंद लोगों को उनकी सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति की परवाह किए बगैर विधिक सहायता उपलब्ध कराएगे जिससे वे कानूनी परिदृश्य से निपटने के लिए सशक्त हो सकेंगे। इस ऐतिहासिक क्षण का हिस्सा बनने के लिए धन्यवाद देते हुए न्यायपूर्ण समाज के निर्माण के लिए दृढसंकल्प होकर आगे बढ़ने को कहा गया। कार्यक्रम के अंत में रालसा निर्देशक संजय कुमार द्वारा न्यायाधिपतिगण तथा सभी प्रबुद्ध जनों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम में राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर व जयपुर में पदस्थापित रजिस्ट्रार व राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के न्यायिक अधिकारीगण व कर्मचारीगण सम्मिलित हुए।